इवीएम और वीवीपैट की दी जायेगी जानकारी

➲ नोडल पदाधिकारियों को दी गयी ट्रेनिंग

संवाददाता ▷ पटना

राज्य में मतदाताओं की भागीदारी और मतदान की जानकारी के लिए राज्य में चुनावी पाठशाला और निर्वाचन साक्षरता क्लबों का योगदान होगा. इसको लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को जिला के नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि चुनाव पाठशाला और निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता पंजीकरण, इवीएम-वीवीपैट कैसे काम करता है. इससे अवगत कराया जायेगा.

बिहार में लोकसभा आम चुनाव के दौरान विद्यालय स्तर पर 33651 निर्वाचन साक्षरता क्लब और 43173 चुनाव पाठशाला मतदान केंद्र पर स्थापित किये गये है. प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने बताया कि साक्षरता क्लब एवं चुनाव पाठशाला भावी मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति सशक्त करने के लिए अत्यंत प्रभावी है. लोकसभा आम निर्वाचन 2019 में विभिन्न जिलों में चुनाव पाठशाला एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से मतदाता जागरूकता की गतिविधियों को संचालित किया गया. इन गतिविधियों का कई जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में काफी सकरात्मक परिणाम रहा है. बिहार में अगले वर्ष 2020 में आयोजित होने वाले विधानसभा आम निर्वाचनों में भी निर्वाचन साक्षरता क्लब तथा चुनाव पाठशालाओं के माध्यम से प्रभावी जागरूकरता गतिविधियों को संचालित किया जायेगा.